लिये, सीमा पर और नियंत्रण रेखा के साथ-साथ कड़ी सतर्कता बरती जा रही है और राज्य के भीतर आतंकवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

इस संबंध में पाकिस्तान की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सरकार ने पाकिस्तान को जम्मू और कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद और हिंसा को समर्थन देने से बाज आने का लगातार आग्रह किया है। इन गतिविधियों में उनकी संलिप्तता, का भंडाफोड़ राजनयिक और विभिन्न अन्य माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार किया गया है। इस दिशा में गहन और सतत रूप से कार्रवाई की जाती रहेगी।

**मकानों के पूल का बदला जाना**

2920. **श्री नागमणि:**
**श्री ईश दत्त यादव:**

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सम्पदा निदेशालय जनरल पूल के मकानों को अन्य पूलों के मकानों के साथ हस्तांतरण करता है;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान टाईप बार कितने मकानों को एक पूल से दूसरे पूल में हस्तांतरित किया गया है;

(ग) क्या यह सच है कि उच्च स्तर के अधिकारियों के मकानों को ही हस्तांतरित किया जाता है और टाईप-II और टाईप-I के मकानों को हस्तांतरित नहीं किया जाता है; और

(घ) इस संबंध में यदि कोई नियम है तो वे क्या है?

**शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. यू. वेंकटस्वरलू):** (क) से (घ) मौजूदा अनुदेशों के अनुसार सम्पदा निदेशालय उन कार्यालयों के साथ मकानों का अंतर पूल अंतरण करने को सहमत हो जाता है, जो सामान्य पूल से वास पाने के लिये पात्र न हों, बशर्ते कि बदले में उसी श्रेणी का (निदेशालय को स्वीकार्य) मकान दिया जाए। अंतर-पूल अंतरणों संबंधी अनुदेश सभी आवास श्रेणियों पर समान रूप से लागू हैं। 1.1.95 से विनिमय आधार पर किये गये मकानों की संख्या संबंधी सूचना इस प्रकार है:-

| टाईप | कवार्टरों की संख्या |
|---|---|
| I | शून्य |
| II | 03 |
| III | 03 |
| IV | 01 |
| IV(स्पेशल) | शून्य |
| V(ए.डी-II) | 13 |
| V(बी.डी-I) | 01 |
| VI(सी-II) | 03 |
| VI(बंगला) | 06 |
| VII | 07 |
| VIII | शून्य |
| होस्टल | 04 |
| योग : | 41 |

**Power Projects in Orissa**

2921. SHRIMATI JAYANTI PATNAIK: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the central power projects commissioned in Orissa during the 7th and 8th Five Year Plans;

(b) the capacity of each of those projects; and

(c) the estimated cost, capacity and expected time of completion of the on going central sector power projects in the State?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER AND MINSTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (DR. S. VENUGOPALACHARI): (a) and (b) No Cental Power Project was commssioned in Orissa during the 7th Five Year Plan. Talcher STPS (2x500 MW), which was executed by the NTPC. has been commissioned in the 8th Five Year Plan with an estimated cost of Rs. 2660.16 crores.

(c) No power station in the central sector is under execution in Orissa.

**Poor Condition of Infrastructure in National Laboratories**

2922. SHRI YERRA NARAYANA SWAMY: Will the Minister of SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that infrastructure at various national laboratories is in a bad state;